# मॉडल मेकिंग में रिया और इशिका प्रथम

हिसार के दयानंद महाविद्यालय में विजेता विद्यार्थी प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह के साथ। *संवाद*

**माई सिटी रिपोर्टर**

**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग की ओर से महाविद्यालय के लाइब्रेरी रीडिंग हॉल में 'पोस्टर एवं मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों के अंदर छिपी प्रतिभा का सर्वांगीण विकास होता है।

वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रेनू राठी ने मुख्य अतिथि एसएस टेलटिया और पीपी तनेजा का स्वागत किया। मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता में रिया, जानवी, इशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मयंक, नंदिनी, सचिन ने द्वितीय स्थान पाया। साक्षी, टीना ने तृतीय स्थान हासिल किया। पोस्टर मेकिंग में नंदिनी, भारती प्रथम रही।

अंशुल, वर्ष ने द्वितीय स्थान पाया। महक, हनी तृतीय स्थान पर रहे। विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

# रिया, जानवी व ईशिका के मॉडल रहे श्रेष्ठ

नभ-छोर न्यूज ⏭ 10 अप्रैल

**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा आज महाविद्यालय के लाईब्रेरी रीडिंग हॉल में पोस्टर एवं मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता शिक्षा का अभिन्न अंग है और इसके माध्यम से विद्यार्थियों के अन्दर छिपी प्रतिभा का पता चलता है और विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रेनू राठी ने मुख्य अतिथि एसएन टेलटिया और पीपी तनेजा का स्वागत किया। इस प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों का शानदार प्रदर्शन रहा। मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता में रिया, जानवी, ईशिका ने प्रथम स्थान, मयंक, नंदिनी, सचिन ने द्वितीय स्थान तथा साक्षी, टीना ने ततृीय स्थान हासिल किया। पोस्टर मेकिंग में नंदिनी व भारती प्रथम, अंशुल व वर्ष ने द्वितीय तथा महक व हनी तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य तथा मुख्य अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

का कल

# डीएन कॉलेज में पावर प्वॉइंट प्रजेंटेंशन में साहिल रहा प्रथम

हिसार | डीएन कॉलेज में कॉमर्स विभाग द्वारा पावर प्वॉइंट प्रजेंटेशन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रिंसिपल डॉ. विक्रमजीत सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि पावर प्वॉइंट प्रजेंटेशन शिक्षा को आधुनिक बनाने का सर्वोतम उपाय है, इसके जरिए टॉपिक आसानी से समझाया जा सकता है। प्रतियोगिता में साहिल ने प्रथम, भूमिका और रिंकल ने द्वितीय स्थान तथा भावेश और साक्षी ने तृतीय स्थान हासिल किया। वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रेनू राठी ने मुख्य अतिथि एसएन टेलटिया और पीपी तनेजा का स्वागत किया।

## न्यूज डायरी

# पीपीपी प्रतियोगिता में साहिल प्रथम

**हिसार।** दयानंद महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग की ओर से लाइब्रेरी रीडिंग हॉल में 'पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन' पीपीपी प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने किया। वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रेनू राठी ने मुख्य अतिथि एसएस टेलटिया और पीपी तनेजा का स्वागत किया। प्रतियोगिता में साहिल प्रथम, भूमिका व रिंकल द्वितीय और भावेश व साक्षी तृतीय रहे। संवाद

DAYANAND COLLEGE, HISAR
MAHATMA HANSRAJ
(18 April 1864 - 24 Nov. 1938)

DAYANAND COLLEGE, HISAR